# सुलैमान



© 2021 Comic Bible Society, LLC


तेरा पति राजा बुढ़ा हो चुका है।
कई चद्दर औढ़ाने के बाद भी हम उसे गर्म नहीं रख सकते।
जो कुछ तुम कर सकते हो करो।
हमारे पास कुछ पुरुष हैं जो देश मे एक सुंदर जवान कुंवारी की खोज कर रहे हैं जो राजा की सेवा कर सके।
इस अंतिम दिनों में राजा को अच्छे से रखने के लिए हम सब कुछ करेंगे।
एक शुनेमवासी लड़की,अबिशग को, राजा दाऊद की देखभाल करने के लिए लाया गया, यहाँ तक उसके साथ लेटने के लिए और उसे गर्म रखने के लिए।
जबकि, राजा ने उसके साथ कोई निजी संबंध नही रखा।
लेकिन समस्या बढ़ रही थी....

I Kings 1:1-4


अबशालोम की मृत्यु के बाद, राजा का बड़ा बेटा जो जीवित था, अदोनिय्याह ने सोचा कि वह अपने आपको राजा होने के लिए आगे रख सकता है।
एक ऐसे प्रदर्शन के साथ, वह निश्चित तौर पे एक मुद्दा बना रहा है।
अदोनिय्याह बर्बाद हो चुका है। उसके सिर पर से राजकीय महिमा जा चुकी है। राजा ने कभी भी जवानों को अनुशासित नहीं किया जो उसे करना चाहिए था।
लेकिन उसके पिता के समान उसकी भी अधिकार भरी उपस्थिति थी।
मैंने सुना है कि सेनापति योआब और याजक एब्यातार ने उसे उनका सहयोग दिया है।
उन्होंने किया है - लेकिन सादोक याजक, नातान भविष्यवक्ता और दाऊद राजा के विशेष रक्षक ने नहीं किया है।



I Kings 1:5-8




I Kings 1:11-28






I Kings 1:28-37


दाऊद के पुत्र का राज्य सर्वोच्च प्रभु के आशीषों से भर जाए।
राजा सुलैमान जीवित रहे!
उसका राज्य उसके पिता के राज्य के समान महान हो!
उत्सव की ध्वनि से पृथ्वी डोल गयी।
तेरे जैसा एक योग्य मनुष्य अच्छी खबर ही लाया होगा।
बिल्कुल नहीं, सेनापति योआब। राजा दाऊद ने उसके बेटे सुलैमान को राजा बना दिया है।
भीड़ में उसके साथ याजक सादोक, नातान भविष्यवक्ता, बनायाह और राजकीय रक्षक है।
वह अब राजा के खच्चर के ऊपर बैठा है और चिल्लाहट जो तू सुनता है वह नगर में होने वाली आनंद की ध्वनि है।






I Kings 1:46-53


मैं अब मेरे जाने का समय निकट है .....लेकिन मेरी बातों को सुनो ।
एक पुरुष के समान बन कर दिखा और व्यवस्था जैसे कहती है उस प्रकार कर । परमेश्वर की आज्ञाओं और विधियों को मान कि तू सफल हो जाए ।
जो हानि योआब ने मेरे प्रति और इस्राएल के दो सेनापतियों के प्रति किया वह तू जानता है । उसके साथ बुद्धिमानी के साथ बर्ताव कर परन्तु उसके पक्के बाल वाला सिर शांति से कब्र में न जाने पाए ।
परन्तु बर्ज़िल्लै पर दया कर .....जब मैं तेरे भाई अबशालोम से भागा तब उसने मेरी मदद की ।
शिमी को याद कर, उसने मुझे श्राप दिया और मैंने उसे जाने दिया ।
लेकिन तू.....उस पक्के बालवाले सिर को लहूलुहान कब्र में ले आ ।
दाऊद ने इस्राएल पर चालीस वर्ष तक राज्य किया - सात वर्ष हेब्रोन में और तैंतीस वर्ष यरूशलेम में ।
वह परमेश्वर के हृदय के अनुसार एक मनुष्य था ।
सुलैमान को अपने स्थान पर रखने के दाऊद के इस निर्णय पर हम भरोसा कर सकते हैं ।



क्या तू शांति के साथ आता है?
आता हूँ - ,लेकिन मुझे कुछ पूछना है।
तुझे पता है कि राज्य मेरा था परंतु फिर बात बदल गई, और परमेश्वर ने मेरे भाई को राज्य दे दिया।
मेरी एक विनती है - मुझे मना मत कर।
अबीशग को मेरी पत्नी होने के लिए मुझे दे दे - जिसने राजा के अंतिम दिनों में उसकी देखभाल की।
मैं सुलैमान से बात करूँगी और देखूंगी कि वह क्या कहता है।
माँ - आ और इस सिंहासन पर बैठ जिसे मैं राजा की माता के लिए लाया हूँ।
मेरी तुझ से एक ही विनती है - कृपया मुझे मना न करना।
तू जानती है कि मैं तुझे मना नहीं करूँगा।
तेरा भाई अदोनिय्याह अबिशाग को अपनी पत्नी होने के लिए मांग रहा है।
तू राज्य भी माँग सकती है क्योंकि वह मेरा बड़ा भाई है।
परमेश्वर के जीवन की शपथ, जिसने मुझे इस सिंहासन पर बैठाया; जीवित है, अदोनिय्याह को इस असभ्य निवेदन के लिए अपने जीवन के साथ अदा करना होगा। हे बनायाह, उसे मार डालो!
गल्प




I Kings 2:26-46


सुलैमान ने फिरौन की एक बेटी से विवाह किया और उसे राजकीय नगर में ले आया।
यह फिरौन शायद 21 वें राजवंश का शासक सियामुन था। इसने उस समय दुनिया में सुलैमान की राजनीतिक स्थिति को दिखाया।
गिबोन के नगर में जो यरूशलेम से ज्यादा दूर नहीं था, मुख्य ऊंचा स्थान था। जहाँ पर मूसा का मिलापवाला तम्बू और पीतल की वेदी थी।
गिबोन में सुलैमान ने एक हजार होमबलि चढाए।
और परमेश्वर ने वहाँ उससे एक स्वपन में बातचीत की।
जो कुछ तू चाहे वह मुझसे माँग ले।
तूने मुझे मेरे पिता दाऊद के स्थान रखा है जबकि मैं एक लड़का ही हूँ।
मुझे समझ दे कि मैं तेरे लोगों पर अच्छी तरह से राज्य कर सकूँ और जान सकूँ कि क्या भला है और क्या बुरा है।
और परमेश्वर इस विनती से प्रसन्न था।
2 उस समय सुलैमान लगभग इक्कीस वर्ष का था।


क्योंकि तूने मेरी प्रजा पर राज्य करने के लिए बुद्धि माँगी है और न तो दीर्घायु, न धन और न अपने शत्रुओं की हार मांगा है,जैसे तूने मांगा है मैं करूँगा।
मैं तुझे एक ऐसी बुद्धि दूँगा जो किसी के पास न कभी हुई है और न कभी होगी।
और जो तूने नहीं मांगा वह भी तुझे दूँगा - धन और महिमा! पूरी दुनिया में कोई भी तेरे समान धनवान और प्रसिद्ध नहीं होगा जैसा तू तेरे जीवनकाल में होगा।
और मैं तुझे दीर्घायु दूँगा यदि तू मेरे पीछे चले और मेरे नियमों को माने जैसे तेरे पिता दाऊद ने किया।


सुलैमान के जागने के बाद, उसने जाना कि यह परमेश्वर का दिया हुआ एक स्वप्न था।
वह यरूशलेम को लौटा जहाँ उसने प्रभु को बलिदान चढ़ाया था
और फिर उसने अपने कर्मचारियों को एक बड़े भोज के लिए निमंत्रित किया।


यह बुद्धि तुरंत दो वेश्याओं के द्वारा जांचा गया।
यह स्त्री मेरे साथ एक ही घर पर रहती है और मेरे जन्म देने के तीन दिन बाद इसने भी बच्चे जो जन्म दिया।
और रात में वह लुढ़क गई और इसका बच्चा नीचे दबकर मर गया - फिर जब मैं सो रही थी उसने मेरे बच्चे को ले लिया और अपना मरा हुआ बच्चा मेरे पास रख दिया।
यह सत्य नहीं!
मरा हुआ बच्चा उसका था।
नहीं - जब भोर हुआ, मैंने देखा कि वह बिल्कुल मेरा बेटा नहीं था!
तेरा बेटा रात में मर गया था। यह मान ले।
सो.....हम सीधा मुद्दे पर आते हैं। तुम दोनों इस जीवित बच्चे का दावा करते हो, और तुम दोनों कहते हो कि मरा हुआ बच्चा दूसरे का है।
मेरे पास उत्तर है - एक तलवार ले आओ।




I Kings 3:25-28


सुलैमान के राज्य के दौरान इस्राएल के सभी बारह गोत्र संयुक्त थे ।
सुलैमान ने उसके प्रधान सेनापति, याजकों, उसके सचिव, और इतिहास के लेखक ,राज भवन के मंत्री, जिला अधिकारी और बेगारों का मुख्या नियुक्त किए ।
उसने बारह जिलों पर अधिकारियों को नियुक्त किया । वे हर महीने राजा और राजकीय घराने के लिए भोजन का प्रबंध करते थे ।


जब सुलैमान प्रभु के पीछे चला इस्राएल एकजुट था और यह उनके शांति और  समृद्धि का एक अच्छा समय था।
I Kings 4:1-2









I Kings 4:20-28


परमेश्वर ने दाऊद को अद्भुत समझ के साथ बड़ी बुद्धि और विवेक दिया।
वास्तव में, उसकी बुद्धि मिस्र समेत पूर्व के किसी भी ज्ञानी पुरुषों से बढ़कर थी।
वह एक महान प्रकृतिवादी था जो पशुओं और पौधों के बारे में बहुत कुछ व्याख्या देता था।
कई देशों के राजा अपने राजदूतों को सलाह के लिए सुलैमान के पास भेजते थे।






II Chronicles 2:1-12, I Kings 5:1-9


हम लबानोन से देवदारु की लकड़ी लाएंगे और समुद्र के रास्ते पहुंचाएंगे ।
और क्योंकि हमारे पास अधिक खेत नहीं हैं, इसलिए हम निश्चित रूप से लकड़ी के बदले भोजन लेंगे ।


और सुलैमान ने 30,000 बेगारों, 10,000 हर महीना लकड़ी लिए ।


अतिरिक्त 70,000 पत्थर वाहक और 80,000 पत्थर के पात्र थे जो मंदिर के निर्माण के लिए गुणवत्ता वाले पत्थर के बड़े खंड का उत्पादन करते थे ।












II Chronicles 3; I Kings 6:1-13




II Chronicles 3-4; I Kings 7:13-51


सात साल बाद महान मंदिर का काम पूरा हुआ।
सुलैमान, उसके कर्मचारियों, याजकों, गायकों, नरसिंगा फूंकनेवालों, सैनिकों और एक बड़ी भीड़ वाचा के संदूक के संग चले जब उसे मंदिर के अति-पवित्र स्थान पर लाया गया था।


I Kings 6:38, 8:1-9; II Chronicles 5:1-14


देखो! याजकों ने पवित्र स्थान को छोड़ दिया है और वे आगे सेवा नहीं कर पा रहे - मंदिर बादल से भर रहा है!
यह परमेश्वर की महिमा  है। वह अपने लोगों से प्रसन्न है और उसके लिए हमने जो निवास स्थान बनाया हैं उससे प्रसन्न है।


हे इस्राएल के प्रभु परमेश्वर, स्वर्ग में और पृथ्वी पर तेरे समान कोई और ईश्वर नहीं है, तू प्रेमी है और दयालू है और तेरे लोगों के लिए अपने वायदों को पूरा करता है।
क्या तू सच में यहाँ निवास करेगा? यहाँ तक की तू स्वर्ग में भी समा नहीं सकता।
जब देश में अकाल पड़ता है और तेरे मंदिर में प्रार्थना की जाएगी उसे तू स्वर्ग से उसे सुनना।
जब तेरी प्रजा तेरे विरुद्ध पाप करे और शत्रुओं के हाथ में दे दिए जाए, परन्तु जब वे मन फिराए - कृपया उनकी प्रार्थनाओं को सुन लेना।
तेरी आँखे इस स्थान पर और तेरी प्रजा की दुहाईयों की ओर सदैव खुली रहे।


परमेश्वर दूसरी बार सुलैमान के सामने प्रगट हुआ।
मैंने तेरी प्रार्थना को सुना है। मैंने इस मंदिर को पवित्र किया है जिसको तूने बनाया है और मेरे नाम को यहाँ हमेशा के लिए रखा है।
और यदि तू तेरे पिता के समान विश्वासयोग्यता के साथ जीवन बिताए, तो मैं तेरे वंश को इस्राएल के ऊपर हमेशा के लिए राजा बनाऊंगा।
लेकिन, यदि वे मुझसे दूर हो जाए और अन्य देवताओं को दंडवत करें तो मैं इस मंदिर को खण्डहर बना दूँगा।
अपने बड़े बेगारों के बल से, सुलैमान ने भंडार वाले नगरों को बनाया और कई नगरों को पनुः बनाया।
उसके पास जहाजों का एक झुंड भी था जो उसके लिए सोना ढ़ोते थे।






I Kings 10:1-13




I Kings 10:14-11:9, Deuteronomy 17:16-17






I Kings 11:9-13



और परमेश्वर उसके वचन में सच्चा था।
पहले, उसने एदोमी हदद को सुलैमान का सामना करने के लिए खड़ा किया।
आराम का रजोन इस्राएल और सुलैमान का शत्रु हो गया।
तब परमेश्वर ने यारोबाम को शत्रु के रूप में खड़ा किया - जिसको सुलैमान ने उसके समस्त बेगारों का प्रधान बनाया था।
परमेश्वर ने अपना भविष्यवक्ता अहिय्याह को संदेश के साथ भेजा।
मैं जानता हूँ तू परमेश्वर के भविष्यवक्तायों में से एक है - लेकिन - तू क्यों मेरे नए वस्त्र को फाड़ रहा है?
इन टुकड़ों में से दस ले ले,क्योंकि इस्राएल का प्रभु परमेश्वर कहता है,"मैं सुलैमान के हाथों से राज्य को छीनकर तुझे दस गोत्रों को दूँगा।"
लेकिन मैं दाऊद के कारण और यरूशलेम के कारण उसके लिए एक गोत्र छोड़ दूंगा।






I Kings 11.37-43

"THE BIBLE EXPLAINED
IN EVERY LANGUAGE."













SUPERBIBLE.TV